दृष्टि The Vision

बोफोर्स से दमदार स्वदेशी 'धनुष ' के हवाले सरहद की नगिरानी

बोफोर्स से दमदार स्वदेशी 'धनुष' के हवाले सरहद की निगरानी

सरहद की निगरानी बोफोर्स की जगह 'धनुष' तोप के हवाले होगी। कानपुर की ऑर्डिनेंस फैक्टरी में तैयार होने वाली इस स्वदेशी तोप की मारक क्षमता बोफोर्स से कई किलोमीटर ज्यादा है।

दुनिया की शीर्ष पांच तोपों में शामिल

1. बोफोर्स बीओ-5 (स्वीडन)
2. एम 46-एस (इजरायल)
3. जीसी 45 (कनाडा)
4. नेक्सटर (फ्रांस)
5. धनुष (भारत)

रूसी तोप को टक्कर

'धनुष' का नया बैरल आठ मीटर लंबा है। यह दुनिया के सबसे लंबे बैरल वाली तोपों में से एक है। आठ मीटर लंबी तोप सिर्फ अमेरिका, इजरायल और रूस के पास है। खास बात यह है कि आठ मीटर लंबे धनुष के बैरल को बोफोर्स तोप में भी लगाया जा सकता है।

90% स्वदेशी पुर्जों से तैयार

'धनुष' देश की पहली तोप है जिसमें 90 फीसदी कलपुर्जे भारत में बने हैं। सिर्फ दस फीसदी कलपुर्जे बीईएल (भारत इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड) से लिए जाते हैं। इन हिस्सों को भी स्वदेश में तैयार करने का काम चल रहा है। सेना को इसे सौंपने से पहले इससे 2000 राउंड फायर किए गए।

एक तोप बनाने में 15-20 दिन लगते हैं

सेना ने ऑर्डिनेंस फैक्टरी कानपुर को 414 'धनुष' का आर्डर दिया है। ऑर्डिनेंस फैक्टरी को एक तोप बनाने में 15–20 दिन का समय लगता है। पहले चरण में 114 'धनुष' तैयार कर देनी हैं, जिनमें से कुछ तोपें दी जा चुकी हैं। तैयार होने वाली तोपों मे धनुष और उसका उन्नत संस्करण भी शामिल है। जहाँ जैसी जरूरत होगी सेना उसका इस्तेमाल कर सकेगी। यह संख्या आगे बढ़ने की उम्मीद है।

धनुष का बैरल रूसी और यूरोपीय तकनीक को मिलाकर तैयार किया गया है, जो किसी भी सूरत में फटेंगे नहीं

बोफोर्स से धनुष एडवांस तक

तोप	बैरल	रेंज
बोफोर्स	29 कैलिबर	28 किमी.
धनुष	45 कैलिबर	38 किमी.
एडवांस धनुष	55 कैलिबर	46 मिमी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/boforce-surrendered-on-behalf-of-indigenous-dhanush